भारत सरकार

विदेश मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 349

03.02.2021 को उत्तर दिए जाने के लिए

मालवाहक जहाज में फंसे भारतीय

349. श्री असादुद्दीन ओवैसी:

श्री संगम लाल गुप्ता:

श्री अजय मिश्र टेनी:

श्री सय्यद ईमत्याज ज़लील:

क्या **विदेश मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या भारतीय चालक दल के 39 सदस्य कई महीनों से चीनी बंदरगाहों के समीप मालवाहक जहाजों पर फंसे हुए हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या भारत सरकार ने इस संबंध में चीन सरकार के समक्ष मुद्दा उठाया है;

(घ) यदि हां, तो इस पर चीन सरकार की क्या प्रतिक्रिया है; और

(ङ) इन भारतीय चालक दल के सदस्यों की वर्तमान स्थिति क्या है और उन्हें सुरक्षित रूप से घर वापस लाने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

विदेश राज्य मंत्री

(श्री वी. मुरलीधरन)

(क) से (ङ) 23 भारतीय चालक दल के सदस्य, द ग्रेट इस्टर्न शिपिंग कम्पनी लिमिटेड, मुम्बई के स्वामित्व वाले भारतीय जहाज एमवी जग आनंद पर सवार थे। यह जहाज 13 जून, 2020 से जिंगतांग बंदरगाह, चीन जनवादी गणराज्य के पास लंगर डाले हुए था। इसके अतिरिक्त, 16 भारतीय चालक दल के सदस्य, मैसर्स एमएससी क्रूइंग सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, मुम्बई के स्वामित्व वाले दूसरे जहाज एमवी अनास्तासिया पर सवार हैं। यह जहाज 20 सितंबर, 2020 से चीन जनवादी गणराज्य में साओफेडियन बंदरगाह के पास लंगर डाले हुए हैं। दोनों जहाज कोविड-19 महामारी के मद्देनज़र चीन जनवादी गणराज्य द्वारा लागू किए गए कड़े विनियमों के कारण अपने माल को उतार नहीं सकते थे और न ही चालक दल को बदल सकती थी।

चालक दल को जल्द ही बदले जाने के मामले को चीनी अधिकारियों के साथ प्रांतीय स्तर और चीनी विदेश मंत्रालय स्तर पर उठाया गया है। बीजिंग में हमारे राजदूत ने चीन जनवादी गणराज्य के उप विदेश मंत्री के साथ इस मामले पर भी व्यक्तिगत रूप से चर्चा की है।

चीनी पक्ष ने यह बताया है कि शिपिंग कंपनी/एजेंट अलग बंदरगाह से चालक दल में बदलाव के लिए आवेदन कर सकते हैं और यह कि स्थानीय प्राधिकारी इस प्रकार के आवेदन की व्यवहार्यता की जाँच करेंगे। एमवी जग आनंद के मालिकों ने चीबा, जापान में चालक दल में बदलाव का निर्णय लिया। जहाज ने 18 जनवरी, 2021 को चीबा, जापान में चालक दल में बदलाव किया है। एमवी जग आनंद जहाज पर सवार सभी 23 चालक सदस्य भारत वापस आ चुके हैं।

जहाँ तक एमवी अनास्तासिया का संबंध है, हमारा राजदूतावास चीनी अधिकारियों और शिपिंग कंपनी के साथ संपर्क में है ताकि जल्द से जल्द बंदरगाह पर चालक दल के बदले जाने के तौर-तरीकों को अंजाम दिया जा सके।

***